पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले अमेरिका के राजदूत
विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

लखनऊः 19 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज भारत में अमेरिका के राजदूत, श्री रिचर्ड राहुल वर्मा ने राजभवन में शिष्टाचारिक भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर भी उपस्थित थीं।

राज्यपाल ने अपनी भेंट वार्ता में कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी दौरे एवं राष्ट्रपति श्री बराक ओबामा के भारत आगमन से दोनों देशों के रिश्तों में नयी शुरूआत हुयी है। नये रिश्ते की शुरूआत से देश में व्यापार एवं उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और दोनों देशों की जनता इससे लाभान्वित होगी। भारत के लोग अमेरिका से अच्छे रिश्ते बनाना चाहते हैं। राज्यपाल ने कहा कि जो भी विदेशी मेहमान भारत आता है वह पर्यटन की दृष्टि से आगरा का ताजमहल, बनारस के घाट व इलाहाबाद का संगम देखने अवश्य जाता है। उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय पर्यटन के अनेक स्थल हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहाँ अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में अवस्थापना विकास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन के क्षेत्र में अनेक नयी महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू कर रही है।

श्री नाईक ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का बड़ा राज्य है जिसकी अपनी सांस्कृतिक विशेषता है। यहाँ की जमीन उपजाऊ है तथा सिंचाई के भी प्रचुर साधन हैं। कृषि यहाँ का मुख्य व्यवसाय है। उत्तर प्रदेश कृषि के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रहा है। सरकार उत्पादकता बढ़ाने के अनेक नये कार्यक्रम चला रही है। खाद्य प्रसंस्करण, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में विकास की प्रचुर संभावनाएं है। उत्तर प्रदेश में फल एवं सब्जियों का उत्पादन भी अच्छी मात्रा में होता है। उस दृष्टि से शीतगृह एवं भण्डारण गृह हेतु सरकार ने महत्वपूर्ण योजना लागू की है। प्रदेश में तकनीकी विकास से काफी लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादातर लघु एवं सीमान्त किसान हैं, जिनके हित को ध्यान में रखते हुए एक नयी कार्य योजना से लाभ हो सकता है।

राज्यपाल ने प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ एवं ऊर्जा के क्षेत्र से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विकास की अच्छी संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कारण भारत विश्व के अनेक देशों तक पहुंचा है। कई विदेशी नागरिक विशेषकर अमेरिकी नागरिक भारत में योग का प्रशिक्षण लेने आते हैं। राज्यपाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश का राज्यपाल होने से पहले वे तीन बार महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य तथा पांच बार संसद सदस्य रहे हैं। 1999 से 2004 तक उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में काम किया है।

अमेरिकी राजदूत श्री रिचर्ड राहुल वर्मा ने कहा कि अमेरिका भारत से आर्थिक एवं व्यापारिक संबंध बढ़ाना चाहता है। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में भी अमेरिका सहयोग करेगा। अमेरिका उत्तर प्रदेश में स्मार्ट सिटी विकसित करने के क्षेत्र में भी काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता भारतीय मूल के हैं तथा उन्हें भारत से विशेष तौर से लगाव है। उन्होंने कहा कि अमेरिका उत्तर प्रदेश के विकास में सहभाग करना चाहता है।

राज्यपाल ने अमेरिकी राजदूत श्री रिचर्ड राहुल वर्मा को ऐतिहासिक रूमी गेट का चित्र व पुस्तक 'उत्तर प्रदेश राजभवन के पक्षी' भेंट की।